बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-209
19/04/2021

पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक मेवालाल चौधरी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

पटना, 19 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक मेवालाल चौधरी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता, प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं प्रख्यात समाजसेवी थे। वे मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन से मैं व्यक्तिगत रूप से मर्माहत हूँ। उनका निधन बहुत ही दुखद है। उनके निधन से शिक्षा, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मेवालाल चौधरी जी का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चीर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

****